जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

दीक्षांत समारोह–2017

//निर्देश//

1) दीक्षांत समारोह–2017 में प्रतिभागिता के इच्छुक छात्र–छात्रायें दिनांक 03/03/2017 को पूर्वान्ह 10:30 बजें तक निर्धारित गणवेश में जिम्नेजियम हॉल में अपना स्थान ग्रहण करें।

2) गणवेश भू–विज्ञान अध्ययनशाला से दिनांक 02/03/2017 सायं 04:00 बजें से 07:00 बजें तक तथा दिनांक 03/03/2017 पूर्वान्ह 10:00 बजें तक धरोहर राशि रूपये 500/– प्राप्त की जा सकती है।

3) प्रत्येक छात्र–छात्रा के साथ उनके अभिभावक कार्यक्रम में उपस्थित रह सकते हैं।

4) कार्यक्रम में पी0एचडी0, एम0फिल0 उपाधिधारकों तथा स्वर्ण पदक विजेताओं को ही मंच से उपाधि/स्वर्ण पदक प्रदान किये जावेगें।

5) स्नातकोत्तर उपाधिधारकों को हॉल में सामूहिक रूप से खड़े कर उपाधि प्रदान की जावेगी।

6) हॉल में शोभा यात्रा के आगमन तथा हॉल से शोभा यात्रा के बर्हिगमन के समय समस्त छात्र–छात्रायें एवं आमंत्रित अतिथि अपने–अपने स्थान पर खड़े रहेगे।

7) कार्यक्रम की संचालन अवधि में समस्त अतिथि अपने–अपने स्थान पर शांतिपूर्वक बैठेगें।

8) जिम्नेजियम हॉल में कार्यक्रमावधि में मोबाईल बंद रखने होगे।

9) दीक्षांत समारोह का संचालन अध्यायादेश में उल्लेखित व्यवस्थाओं के अनुक्रम में होगा। इसलिये कोई भी छात्र–छात्रा/अतिथि किसी नीतिगत विषय/प्रक्रिया पर कोई प्रश्नचिन्ह नहीं लगायेगें।

10) यदि किसी छात्र/छात्रा को कोई जानकारी प्राप्त करनी है, तो संबंधित छात्र/छात्रा प्रभारी, नियन्त्रण कक्ष (भू–गर्भ अध्ययनशाला) से कार्यक्रम के प्रारम्भ होने से पूर्व संपर्क कर अपनी समस्या का निदान करा सकते हैं।

11) यदि किसी जानकारी/अभिलेख में कोई त्रुटि है, तो संबंधित छात्र/छात्रा प्रभारी, नियन्त्रण कक्ष (भू–गर्भ अध्ययनशाला) से कार्यक्रम की समाप्ति पर संपर्क कर अपनी समस्या का निदान करा सकते हैं।

12) कार्यक्रम में प्रतिभागिता हेतु आने वाले अतिथि/छात्र–छात्रायें अतिथि गृह के सामने वाले मुख्य द्वार से परिसर में प्रवेश करेंगे एवं द्वार के पास स्थित पार्किंग में अपने वाहन पार्क करेंगे।

13) राजमाता श्रीमंत विजयाराजे सिंधिया चौराहे वाले मुख्य द्वार से मुख्य/विशिष्ट अतिथियों के वाहन प्रवेश करेंगे तथा उनके वाहन क्रीड़ा परिसर के दांहिने ओर वाले क्षेत्र में पार्क किये जावेगे।

14) कार्यक्रम के समापन पर गाउन भू–विज्ञान अध्ययनशाला में ही दिनांक 03/03/2017 को सायं 07:00 बजे तक जमा कर धरोहर राशि प्राप्त कर सकते हैं।

(कुलसचिव) **(समन्वयक)**